तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

13 सतनाम संदेश यात्रा में पंथी नृत्य व शौर्य प्रदर्शन की धूम



14 पूजा थाल सज्जा में मनीषा प्रथम, कंचन को दूसरा स्थान मिला



हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

# पाबंदी के बाद भी नगर के भीतर से गुजर रहे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय होने के बावजुद नगर के भीतर यातायात व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे सदैव हादसे का खतरा मंडराता नजर आता है। शहर के भीतर मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने के लिए प्रशासन द्वारा सुबह 6 से लेकर रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के नगर के भीतर प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है, लेकिन शहर के मध्य स्थित स्टेट वेयर हाउस गोदाम के लिए खाद्यान सामाग्री के परिवहन के लिए 100 से अधिक भारी वाहनों को छूट प्रदान करने से नो एंट्री औचित्तहीन बनकर रह गई। इसी तरह ▶▶ शेष पेज 13 पर

## बायपास मार्ग होने और दिन में नो एंट्री की पाबंदी का असर नहीं




### नागरिकों की मंशा सीडब्लूसी गोडाउन शहर से बाहर हो

नगर की बढ़ती आबादी और विकास कार्यों के चलते स्टेट वेयर हाउस कॉपोरेशन द्वारा दो दशक पूर्व नगर में बनाया गया गोदाम वर्तमान समय में चारों ओर बसाहट से घिर गया है। चूंकि नगर के मुख्यमार्ग पर स्थित उक्त गोदाम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान की आपूर्ति नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में की जाती है। अतः यहां से खाद्यान सामाग्री लाने तथा भेजने के लिए प्रशासन द्वारा सौ से अधिक भारी वाहनों को प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर आने जाने की छूट दी गई है। इससे नगर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर घोषित प्रतिबंध औचित्यहीन बनकर रह गया है। गौरतलब है कि सामग्री लेकर यहां पहुंचने वाली भारी वाहनों के कतार लगाकर मुख्य मार्ग पर घंटों खड़े रहने से आवागमन बाधित होता रहता है। इस बारे में नगरवासियों द्वारा लगातार उक्त गोदाम को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की जा रही है।

### भारी वाहनों का प्रतिबंध जरूरी

नगरवासियों की मांग पर भूमि अधिग्रहण व सड़क निर्माण पर करोड़ों खर्चकर शासन द्वारा जिस मंशा से बायपास मार्ग का निर्माण कराया गया था। उस पर प्रशासनिक निर्णय के चलते पानी फिरता नजर आ रहा है। बायपास मार्ग निर्माण पूर्ण होने के वर्षों बाद भी दिन के समय तो भारी वाहन बायपास मार्ग से होकर गुजरती है, लेकिन रात होते ही बायपास मार्ग को छोड़कर भारी वाहन शहर के भीतर से होकर मुख्यमार्ग पर सरपट दौड़ती रहती है, जिसका मुख्य कारण प्रशासन द्वारा भारी वाहनों के नगर प्रवेश पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने की बजाय छूट देकर रखे जाने वाला निर्णय है।

## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

गिधौरी। गुरुघासी दास की जयंती पर कल 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत टुंडरा से गिरौदपुरी धाम के लिए के भव्य बाइक रैली एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें कसडोल बिलाईगढ़ क्षेत्र के समस्त मानव समाज शामिल होंगे। आयोजक राजेन्द्र घृतलहरे, जयवर्धन राय, चंद्रेश बंजारे, राहुल दिव्य, अजय राघव, आकाश जांगड़े ने कसडोल बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के समस्त मानव समाज को आमंत्रित करते हुए रैली में शामिल होने की अपील की है।

### नल के पानी को लेकर महिला से विवाद

महासमुंद। ग्राम बरबसपुर में नल के पानी को लेकर एक महिला से विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी कुमारी बाई पति स्व. खिलावन बघेल (60 साल) ने पुलिस को बताया कि जोगेंद्र भारती पिता तोरन भारती ने नल के पानी की बात को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूस

रायपुर। टिकरापारा थाने की पुलिस ने क्षेत्र में लोगों के साथ मारपीट तथा दादागिरी करने वाले बदमाशों की धरपकड़ कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जुलूस निकाला।

## सुशासन दिवस पर बोनस राशि 326 करोड़ 1 लाख 81 हजार किसानों के खाते में जमा होगी

# किसानों को मिलेगा 2 साल का बकाया बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर प्रदेश के किसानों को 2 साल की बकाया बोनस राशि देने की घोषणा की है। इसके तहत बलौदाबाजार जिला में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को रूका हुआ 2 साल की बोनस राशि 326 करोड़ 1 लाख 81 हजार रूपये किसानों के खाते में जमा होगी। लेकिन भाजपा द्वारा चुनाव पूर्व जारी घोषणा पत्र में किसानों का कर्ज माफ करने वाली बात को शामिल नहीं किये जाने से अब जिला में किसानों द्वारा लिये गए कर्ज की राशि करीब 327 करोड़ रूपये चुकाना पड़ेगा।

बताया जाता है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा जिले की सभी सोसाइटियों को लिंकिंग के माध्यम से शत-प्रतिशत कर्ज वसुली करने के निर्देश दिए गए है। इस कारण अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को उनके द्वारा लिये गए ऋण की राशि काटकर बचत राशि उनके खाते में जमाकर प्रदान की जावेगी।

### बोनस से लाभान्वित किसान

वर्ष 2014–15 एवं वर्ष 2015–16 के दौरान बलौदाबाजार जिला में बिलाईगढ़ अनुविभाग शामिल था। अविभाजित जिले में वर्ष 2014–15 के दौरान 1 लाख 592 किसानों द्वारा 53 लाख 716 क्विटंल 60 किलो धान समर्थन मूल्य पर बेचा था। वहीं वर्ष 2015–16 के दौरान 1 लाख 4 हजार 264 किसानों द्वारा 55 लाख 66 हजार 556 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था।



### खरीदी की समय सीमा नहीं बढ़ाने पर पूरा धान खरीदना संभव नहीं

इस वर्ष 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के पश्चात बार-बार मौसम के बदले मिजाज से धान खरीदी कार्य में बाधा आने के अलावा त्यौहार व विधानसभा चुनाव होने के कारण धान खरीदी प्रभावित हुई है। धान खरीदी शुरू होने के 45 दिनों के दौरान जिले में सिर्फ 50 हजार 25 किसानों से 20 लाख 30 हजार 582 क्विंटल 80 किलो धान खरीदा गया है, जबकि इस वर्ष 5126 नए किसानों सहित कुल 1 लाख 59 हजार पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जाना है।

### खरीदी की पुरानी दर के हिसाब से मिलेगी अंतर की राशि

नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा का कहना है कि वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को बोनस की राशि दी जानी है। किसानों से अधिक धान पतला 2203 रूपये प्रति क्विंटल एवं धान मोटा 3183 रूपये प्रति क्विंटल में खरीदा गया है। नई सरकार ने चुनाव से पूर्व 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया है, जिससे संभावना है कि किसानों से खरीदी के बाद अंतर की शेष राशि करीब 900 रूपये किसानों के खाते में जमा की जा सकती है।

## घर से 13 बकरी और एक बकरा ले भागे चोर



मुंडा। ग्राम पैजनी निवासी पाडव पिता परदेसी राम यादव के यहां 13 नग बकरी, एक नग बकरा पालन के लिए रखा गया था, जिसे 11 तारीख सोमवार रात के समय बाहर से आये लोग चार पहिया गाड़ी लेकर घूम रहे थे। यादव परिवार रात्रि में सोया हुआ था, उसी दरमियान चोरों ने घर के बाहरी दरवाजे की सकरी लगा दी और कोठा में रखे तेरा नग बकरी एक नग बकरा को चुरा कर ले भागे। सुबह होते ही खिड़की से बाहर आते–जाते व्यक्ति को बुलाकर बाहर की सकरी ▶▶ शेष पेज 13 पर

## विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

क्षेत्र के चौमुखी विकास में मैं हमेशा अग्रणी रहूंगा। हमेशा सुख दुख के साथी बनकर क्षेत्र की सेवा करूंगा। क्षेत्र की सबसे प्रमुख समस्या सिंचाई है। समोदा डायवर्सन के लिए कांग्रेस सरकार ने राशि स्वीकृत की है, परंतु अब तक कार्य अधूरा है। इस बात को मैं सदन में रखूंगा। उक्त बातें क्षेत्र के विधायक संदीप साहू ने लवन के आभार सम्मेलन में व्यक्त की। नवनिर्वाचित विधायक संदीप साहू की जीत के बाद लवन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आभार सम्मेलन का आयोजन नगर के सतनाम भवन में आयोजित किया गया, जहां वरिष्ठ नेताओं, जिला व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, जोन सेक्टर के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित कांग्रेस के सभी विभागों के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू ने जीत की बधाई देते हुए कहा कि मैं पहले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रूप में खड़ा था, तब पहली बार ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ आभार सम्मेलन में ग्रामीणों से रुबरु हुए विधायक संदीप साहू



### आभार सम्मेलन के बीच कांग्रेसियों ने विधायक के समक्ष रखी समस्याएं

लवन क्षेत्र के ग्राम खेन्दा के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ प्रभारी व सरपंच वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू ने विधायक को लिखित शिकायत में बताया कि बगबुड़ा से खेन्दा 3 किलोमीटर की दूरी मार्ग मरम्मत का कार्य संपन्न हुआ है, जिसमें घटिया सामग्री के चलते बनते ही सड़क उखड़ने लगी है, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। इसी तरह क्षेत्र में लोगों ने अनेक समस्याएं को प्रस्तुत किया।

## परसाडीह से आज सतनाम संदेश यात्रा



बगबुड़ा। लवन क्षेत्र के ग्राम परसाडीह में 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे से बाबा गुरुघासीदास की पूजा-अर्चना कर जैतखाम में आरती करने पश्चात भव्य सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 8 बजे ग्राम परसाडीह से प्रारंभ होगी, जो 9 बजे अहिल्दा, पैजनी, बरदा, ढ़नढनी, जुडा, सुढेला, खटयापाटी, धनगांव, सुढेली, बिटकुली, लवनबन, घुलघुल, गिदोला, लाहोद, चिरपोट, कारी, कोहरौद, धराशिव, कुम्हारी, बगबुडा, खम्हरिया, लवन नगर, डोगरिडीह, कसडोल नगर भमण कर समापन होगा। धर्मेंद्र खूंटे ने सतनाम संदेश यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने अपील की है।


## स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न रोगों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम ओटगन में संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रायपुर के डॉक्टरों की टीम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, खून की जांच एवं चिकित्सा परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया। इसमें सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कंपनी के डायरेक्टर विकास गोयल एवं उनकी पत्नी शीतल गोयल ने कहा कि ऐसे बीमार मरीज को जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इसी के तहत ग्राम ओटगन में भी रायपुर से आए विशेषज्ञ राजा जैन एवं उनके टीम द्वारा विशेष दर्द निवारक थेरेपीस और विशेषज्ञ पेमिस धनकर एवं उनकी टीम ने ग्राम के सैकड़ों मरीजों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का लाभ लेने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। कंपनी ने घर–घर जाकर लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने प्रेरित किया, जिसके चलते अधिक संख्या में लोग उपस्थित हुए। उक्त निःशुल्क शिविर में सरपंच संजीता संजय दीवान ने संयंत्र का ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468



# कैबिनेट में विस्तार के बाद प्रदेश भाजपा संगठन में भी होगा बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब पहले कैबिनेट के विस्तार की तैयारी चल रही है। कैबिनेट में ज्यादातर नए चेहरों को रखने की बात सामने आ रही है। ऐसे में जिन दिग्गज नेताओं को मंत्री की कुर्सी नहीं मिल पाएगी, उनको संगठन में रखे जाने की संभावना है। कैबिनेट के विस्तार के बाद ही प्रदेश के भाजपा संगठन में भी बड़ा फेरबदल होगा। विधानसभा चुनाव में प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के साथ तीन महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष भी चुनाव जीत गए हैं। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के चुनाव के लिए इस बार भाजपा का राष्ट्रीय संगठन बहुत ज्यादा ही गंभीर रहा। यही वजह है कि यहां पर चुनाव की कमान संभालने का काम खुद केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया। उनके चुनाव की कमान संभालने के बाद यहां पर बड़े चौंकाने वाले फैसले हुए। इसके पीछे का कारण यह रहा कि भाजपा कोई भी गलती किए बिना इस बार चुनाव जीतना चाहती थी और वह चुनाव जीत भी गई।

## जिनको मंत्री की कुर्सी नहीं मिलेगी, उनको संगठन में रखे जाने की संभावना

### नए प्रदेशाध्यक्ष की तलाश

विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिलासपुर के सांसद अरुण साव को लोरमी से टिकट दिया गया था और वे वहां से भारी मतों से जीते। चुनाव जीतने के बाद वे मुख्यमंत्री पद के भी दावेदार थे, लेकिन उनको यह पद तो नहीं मिला, लेकिन उनको डिप्टी सीएम बनाया गया है। जल्द ही उनको प्रदेशाध्यक्ष का पद छोड़ना पड़ेगा। उनके स्थान पर अब नए अध्यक्ष की तलाश प्रारंभ हो गई है। एक संभावना यह जताई जा रही है कि ओबीसी के स्थान पर ओबीसी अध्यक्ष ही रखा जाएगा। इसी के साथ यह भी कहा जा रहा है कि जिनको मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलेगा, उनमें से भी किसी को अध्यक्ष बनाया जा सकता है, फिर वह चाहे किसी भी वर्ग का क्यों न हो।



### तीनों महामंत्री भी बदलेंगे

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के साथ तीनों महामंत्री केदार कश्यप नारायणपुर, विजय शर्मा कवर्धा और ओपी चौधरी रायगढ़ से चुनाव जीते हैं। ऐसा पहली बार हुआ जब संगठन के तीनों महामंत्री चुनाव लड़े और जीते भी। इसी के साथ प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को कोटा से मैदान पर उतारा गया, लेकिन वे चुनाव हार गए। चार उपाध्यक्षों सरला कोसरिया को सरायपाली, उधेश्वरी पैकरा को सामरी, लखन देवांगन को कोरबा और मोतीलाल साहू को रायपुर ग्रामीण से चुनाव लड़ाया गया। इसमें से सरला कोसरिया को छोड़कर बाकी तीनों उपाध्यक्ष चुनाव जीते हैं। अब तीन नए उपाध्यक्ष भी बनाए जाएंगे। कुल मिलाकर तीन महामंत्री और तीन उपाध्यक्ष के पदों पर ऐसे दिग्गजों को भी रखा जा सकता है, जिनको मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल पाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री मोदी से मिले राज्यपाल हरिचंदन

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की और राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

### मुख्यमंत्री साय से मिले राज्यमंत्री कुलस्ते



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार शाम यहां राजधानी रायपुर स्थित राज्य अतिथि गृह 'पहुना' में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को श्री कुलस्ते ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री कुलस्ते ने आशा जताई कि श्री साय के नेतृत्व में राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

### संस्कृत विद्यामंडलम शर्मा सहित दो हटाए गए

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम से दो अशासकीय व्यक्तियों को हटाया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक डॉ. सुरेश कुमार शर्मा को अध्यक्ष और डॉ. तोईनिधि वैष्णव को 9 नवंबर 2022 को मनोनीत किया गया था।

### पूर्व विधायक के साथ मारपीट के आरोपों को अफसर ने बताया झूठा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक आरके राय के साथ मारपीट करने के आरोपों का आजाद चौक सीएसपी, प्रशिक्षु आईपीएस मयंक गुर्जर ने खंडन किया है। गौरतलब है कि पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री के पास अफसर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।
पुलिस अफसर के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में काफी भीड़ थी, जहां पूर्व विधायक जाना चाह रहे थे, वहां जाने के लिए उनके पास पास नहीं था। साथ ही पूर्व विधायक जिस गेट से एंट्री करना चाह रहे थे, उस गेट से वर्तमान निर्वाचित विधायकों के साथ उनके परिजनों तथा सीनियर अफसरों की ही एंट्री की अनुमति थी।

### क्विज व नुक्कड़ नाटक के जरिए बताए मानवाधिकार



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग तथा रविवि के विधि अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वाधान में 9 से 15 दिसंबर तक मानवाधिकार सप्ताह का आयोजन किया गया। छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा मानव अधिकार कानून पर क्विज प्रतियोगिता इस दौरान हुई। नुक्कड़ नाटक संग पुरस्कार वितरण भी रखा गया। राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष गिरिधारी नायक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्रों को समाज हित को उद्देश्य बनाते हुए अपने भविष्य का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया।विशिष्ट अतिथि नीलम चंद सांखला ने कहा, मानव अधिकारों का ज्ञान समस्त नागरिकों के लिए आवश्यक है। कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला ने मानवाधिकारों को केवल विधि के छात्रों तक ही सीमित न रखते हुए पूरे समाज में इसके विस्तार को आवश्यक बताया। समापन में सप्ताह भर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## लोकसभा चुनाव में पार्टी की चुनावी संभावनाएं प्रभावित हो सकती है

# दो पूर्व विधायकों के निष्कासन के खिलाफ बगावत, दर्जनभर का दिल्ली कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों डॉ. विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह के निष्कासन के बाद पार्टी के खिलाफ बगावत शुरू हो गई है। यह पूरा मामला अब हाईकमान तक पहुंच रहा है। राज्य के एक दर्जन से अधिक टिकट से वंचित पूर्व विधायक पार्टी हाईकमान से मिलने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी में कलह जमकर फूटी है। अगर आलाकमान स्तर पर कोई निराकरण नहीं किया गया, तो अगले कुछ महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी की चुनावी संभावनाएं इससे प्रभावित हो सकती हैं।

### पूर्व विधायक पहुंचे दिल्ली

कांग्रेस के कई पूर्व विधायकों के दिल्ली रवाना होने की जानकारी मिली है। बताया गया है कि पूर्व विधायक विनय जायसवाल, विनोद चंद्राकर, चंद्रदेव राय, शिशुपाल सोरी, चुन्नीलाल साहू, बृहस्पत सिंह, मोतीलाल देवांगन दिल्ली पंहुचे हैं। इनके अलावा कुछ और पूर्व विधायक शनिवार सुबह की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले हैं।

### ढाई साल के मुद्दे ने सरकार को निगल लिया : विनय

कांग्रेस से निष्कासित पूर्व विधायक विनय जायसवाल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- ढाई साल के मुद्दे ने विधायकों का कैरियर ही नहीं, सरकार निगल ली। टीएस सिंहदेव लगातार 5 साल सरकार के खिलाफ बोलते रहे। बार-बार ढाई साल का राग अलापते रहे, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। हम लोग दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से मिलकर अपनी बात रखेंगे।




### ये है विरोध और बगावत की वजह

कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के खिलाफ जो मोर्चा खोला है, उसके पीछे कई कारणों में से एक 22 सीटिंग एमएलए का टिकट काटना भी माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी इतिहास में पहली बार 22 सीटिंग विधायकों का टिकट कटा, लेकिन पहली ही बार में यह प्रयोग कांग्रेस को भारी पड़ा। 22 में से 15 सीटों पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। यही वजह है कि अब जिन 22 तत्कालीन विधायकों का टिकट कटा था, वे इस फैसले के खिलाफ रायपुर से दिल्ली तक आवाज बुलंद कर रहे हैं।

### बागियों के निशाने पर हैं बड़े नेता

कांग्रेस में जो लोग बागी तेवर अपनाए हुए हैं, उन्होंने पार्टी संगठन के कई बड़े नेताओं को निशाने पर ले रखा है। बागियों के निशाने पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से लेकर सहप्रभारी चंदन यादव, टीएस सिंहदेव, पीसीसी चीफ दीपक बैज तक कई नेता हैं। इन नेताओं के खिलाफ बगावत को थामने कांग्रेस ने दो पूर्व विधायकों को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित भी किया, लेकिन कांग्रेस को यह दांव भी उल्टा पड़ा। निष्कासन के विरोध में कई विधायक लामबंद हो गए। विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह के साथ दर्जनभर विधायकों ने दिल्ली में झंडा बुलंद कर दिया है। यही नहीं, कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे तथा विधानसभा चुनाव हारने वाले नेता जयसिंह अग्रवाल ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोला है। उन्हें भी पार्टी ने शो-कॉज नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

### सार्वजनिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं : कांग्रेस

कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला कहते हैं, अगर पार्टी फोरम में कोई अपनी बात रखना चाहता है, तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस में चल रही इस कलह पर भाजपा के लोग भी चुटकी ले रहे हैं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भी विधायकों के दिल्ली जाने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते थे, वह सही थे। कांग्रेस नेताओं ने सरकार को सुख सुविधाएं पाने का साधन बना लिया था।

# डिप्टी सीएम साव बोले- छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से होगा जल्द मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शहीद अखिलेश राय को साव ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, अब वह दिन ज्यादा दूर नहीं है, जब छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से मुक्त होगा। आने वाले समय में भाजपा की सरकार नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से रणनीतिक अभियान शुरू करेगी। नक्सली हमले में शहीद अखिलेश राय के पार्थिव शरीर को पुष्पचक्र अर्पित करते हुए रायपुर एयरपोर्ट पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।
श्री साव ने कहा, छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा की सरकार के नेतृत्व में हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है और अब पुनः भाजपा की सरकार स्थापित होने पर नक्सली बौखलाहट में सुरक्षा बलों पर घात लगाकर कायराना हमला कर रहे हैं। नक्सली में इतनी हिम्मत नहीं है कि हमारे बहादुर जवानों का सामना कर सकें। इसीलिए वे अपने बिल से निकलकर जो हिंसात्मक कार्रवाई कर रहे हैं, उसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाएं। श्री साव ने कहा, जब भाजपा की सरकार होती है, तो नक्सली समस्या के समाधान के उपाय होते हैं। हमारे वीर जवान नक्सलियों की गुफा में घुसकर मुठभेड़ करते हैं। इसीलिए नक्सलियों को भाजपा की सरकार रास नहीं आ रही है, लेकिन हम छत्तीसगढ़ की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि जिस तरह हमने पहले नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण किया, उसी तरह अब इस सरकार में हम नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे। श्री साव ने कहा, हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यह केवल एक कथन नहीं है। हम कहने नहीं करने में भरोसा करते हैं। विश्वास दिलाते हैं कि छत्तीसगढ़ से नक्सल समस्या का पूरी तरह खात्मा कर देंगे और कांग्रेस की देन नक्सलवाद को छत्तीसगढ़ छोड़ कर जाना होगा।

# सरकारी कर्मी फंसे ओपीएस-एनपीएस में अब फैसला भाजपा सरकार के हाथ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के करीब पौने चार लाख सरकारी सेवकों की पेंशन का मामला अब एक बड़े पेंच में फंसा नजर आ रहा है। यही नहीं, अब राज्य में ओल्ड पेंशन योजना या नई पेंशन योजना में कौन सी योजना लागू रहेगी, इसका फैसला भी राज्य की नई भाजपा सरकार के हाथों में आ गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ओपीएस शुरू करने की पहल की थी, तब 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस के लिए सहमति दी थी, लेकिन इसे कानूनन मंजूरी नहीं मिली है।

### ये है मामला

राज्य में 2004 से नई पेंशन योजना केंद्र की तत्कालीन अटल विहारी वाजपेयी सरकार ने लागू की थी। जब योजना लागू की गई थी, तब उसे राज्य सरकार की सहमति मिली थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने नई पेंशन योजना से संबंधित एक्ट लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित कराया था। इसी समय से यह नई पेशन योजना राज्य में लागू है। करीब डेढ़ साल पहले छत्तीसगढ़ में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राज्य में ओपीएस लागू करने की पहल की। कर्मियों से ओपीएस या एनपीएस में एक विकल्प चुनने कहा गया था। राज्य के करीब 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस पर सहमति दी है।

### पेंशन योजना का संधारण महालेखाकार करते हैं

नई पेंशन योजना जो केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई है, उसके नियम के तहत कर्मियों की पेंशन संबंधी मामलों का संधारण केंद्र सरकार की एजेंसी के रूप में महालेखाकार द्वारा किया जाता है, लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा ओपीएस लागू करने की प्रक्रिया को महालेखाकार का समर्थन नहीं है। इसीलिए राज्य सरकार की योजना का विधिवत क्रियान्वयन अब तक शुरू नहीं हुआ है।

### वित्त मंत्री ने दिया है आश्वासन

राज्य के कर्मचारी नेताओं के मुताबिक शासकीय कर्मियों के सभी प्रांतों के अध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय स्तर के कर्मचारी नेताओं को कुछ समय पहले केंद्रीय वित्त मंत्री से पेंशन योजना को लेकर चर्चा हुई थी। बताया गया है कि वित्त मंत्री ने उन्हें बताया कि इस संबंध में लोकसभा और राज्यसभा में विधेयक लाया जाएगा। यह दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे कि कर्मी ओपीएस या एनपीएस में कोई एक विकल्प चुन सकते हैं, लेकिन इस पूरे मामले में केंद्र सरकार का जो रुख सामने आया है, उसके मुताबिक केंद्र ओपीएस लागू करने के पक्ष में नहीं है।

### छत्तीसगढ़ में पेंशन योजना पर हुआ है ये काम

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जब 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस पर सहमति दी, तब राज्य सरकार ने पेंशन योजना के संचालन के लिए एक संचालनालय का गठन किया। राज्य के कर्मियों की पेंशन योजना से संबंधित अंशदान इस संचालनालय में जमा किया जा रहा है। राज्य सरकार ने ओपीएस लागू करने के सिलसिले में शर्त रखी थी कि कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद एनपीएस स्कीम से जो राशि मिलेगी, वह पूरी राशि राज्य सरकार के संचालनालय में जमा करनी होगी, तभी वे ओपीएस के तहत पेंशन पाने के लिए पात्र होंगे।

### तो एनएसडीएल में जमा करनी होगी राशि

जानकार सूत्रों की मानें, तो अगर राज्य में भाजपा सरकार एनपीएस लागू रखने का फैसला करती है, तो राज्य सरकार के पास कर्मियों की पेंशन की जो राशि संचालनालय में जमा की जा रही है, वह राशि केंद्र सरकार की संस्था एनएसडीएल में जमा करनी होगी। खास बात ये भी है कि राज्य के कर्मियों की पेंशन की जो राशि राज्य में ओपीएस लागू करने के पहले एनएसडीएल में जमा है वह राशि 17 हजार 240 करोड़ रुपए है। केंद्र सरकार पहले ही यह राशि लौटाने से इनकार कर चुकी है।

# हटाए गए ठेला-गुमटी व दुकान, ऑटो डीलरों पर सख्ती करना भूला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में लॉ एंड ऑर्डर का पालन कराने के लिए जिला प्रशासन अवैध कब्जों को मुक्त कराने विशेष मुहिम चला रहा है। इसके तहत शहर की सड़कों के किनारे लगे अवैध ठेला-गुमटी से लेकर पक्की दुकानों को भी तोड़ा जा रहा है, ताकि शहर को कब्जा मुक्त के साथ यातायात को सुगम बनाया जा सके, लेकिन प्रशासन की इस मुहिम को ऑटो डीलर ठेंगा दिखा रहे हैं। अवैध कब्जा करने के साथ यातायात को प्रभावित करने में ऑटो डीलरों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रशासन की नजर व डंडे से अब तक बचे ऑटो डीलर शहर में लगातार अवैध पार्किंग का जाल फैला रहे हैं, जिसके कारण हर रोज लाखों लोगों को ट्रैफिक समस्या से जूझना पड़ रहा है।

प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम अमला इन दिनों हर रोज अवैध कब्जा को मुक्त कराने की मुहिम चला रहा है, लेकिन इस कार्रवाई से ऑटो डीलर अब तक बचे हुए हैं, जबकि शहर के रिंग रोड से लगी सर्विस रोड हो या मुख्य व्यावसायिक इलाकों के मुख्य मार्ग, ऐसे कई इलाके हैं, जहां ऑटो डीलर अपनी छोटी-छोटी दुकान में खरीदी-बिक्री के लिए आने वाली दर्जनों पुरानी दोपहिया से लेकर चारपहिया गाड़ियों को अवैध रूप से सड़कों से लेकर शासकीय खाली पड़ी जमीन पर पार्क कर रहे हैं। हरिभूमि ने शुक्रवार को शहर के कई प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया, तो पता चला कि शहर में ट्रैफिक समस्या का एक कारण ऑटो डीलर भी बने हुए हैं, जो मुख्य मार्गों को ही गाड़ियां रखने का अड्डा बना रखे हैं।



### ऑटो डीलरों व ट्रैवल्स एजेंसियों पर भी कसेंगे शिकंजा

शहर को अतिक्रमण मुक्त करने निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए ऑटो डीलरों व ट्रैवल्स एजेंसियों की अवैध पार्किंग पर भी कार्रवाई करेंगे।
- डा. सर्वेश्वर भुरे, कलेक्टर रायपुर

**केस 1**

पचपेढ़ी नाका से सिद्धार्थ चौक मार्ग से हर रोज लाखों गाड़ियां गुजरती हैं। इस मार्ग पर पुजारी पार्क से लेकर सिद्धार्थ चौक तक सड़क के दोनों तरफ ऑटो डीलरों की अवैध पार्किंग का जाल फैला हुआ है। इस मार्ग पर ऑटो डीलर की छोटी-छोटी दुकान हैं, लेकिन इनके पास पुरानी बिकने के लिए आई दर्जनों कारें हैं। इन कारों को पार्क करने के लिए जगह नहीं होने के कारण दुकान के सामने मुख्य सड़क पर सोल्ड करने के लिए पार्क किया जाता है। पुजारी पार्क के सामने मार्ग एवं खाली पड़ी जमीन पर भी कारों को पार्क किया गया है। कई कारें तो पिछले कई हफ्तों-महीनों से यहीं खड़ी हैं। इसके कारण इन मार्गों की सड़क भी सकरी हो गई।

**केस 2**

मोतीबाग चौक के पास मुख्य मार्ग पर ऑटो डीलर की दो-तीन दुकानें हैं। इन दुकानों के बाहर हर रोज पुराने सैकड़ों दोपहिया वाहन दुकान के सामने खड़े रहते हैं। इसके कारण मुख्य मार्ग का कुछ हिस्सा भी अवैध पार्किंग के कारण सकरा हो गया है, जिससे इस मार्ग से गुजरने में हर रोज लोगों को परेशानी होती है।

### पचपेढ़ी नाका-भाठागांव सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग

पचपेढ़ी नाका से लेकर भाठागांव सर्विस रोड पर भी ऑटो डीलरों व ट्रैवल्स एजेंसियों का कब्जा है। इस मार्ग पर ऑटो डीलर व ट्रैवल्स एजेंसियों की कई दुकानें हैं। इन दुकानों की गाड़ियां सर्विस रोड पर ही पार्क की जा रही हैं। इसके कारण इस मार्ग की सड़क भी सकरी हो गई है, जिससे आम गाड़ियों को यहां से गुजरने में परेशानी तो होती ही है, साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

# किसानों की 2 लाख की कर्जमाफी करके दिखाएं : उमेश पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खरसिया से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक उमेश पटेल ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुये कहा है कि किसानों से वोट के लालच में कांग्रेस ने नहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 2 लाख रुपये तक का किसानों का कर्जा माफ करने का झूठा वादा किया। अब चुनाव जीतते ही और सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं।

एक बयान में श्री पटेल ने कहा कि अपने बचाव के लिये किसानों की बेहतर स्थिति का हवाला देने वाले विजय शर्मा को याद रखना चाहिए कि पिछली कांग्रेस सरकार ने पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के तुरंत बाद किसानों की कर्जमाफी के वादे को निभाया था और सरकार बनने पर कांग्रेस अभी भी इस वादे को निभाती। अगर आज छत्तीसगढ़ का किसान आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है और जो प्रदेश के किसानों की स्थिति बेहतर हुई है, तो यह किसानों की मेहनत और कांग्रेस सरकार की योजनाओं का ही असर है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अगर किसानों के सच्चे हितैषी हैं, तो हर कर्ज़ लिये हुए प्रदेश के किसानों का अपने वादे के अनुसार 2 लाख रुपये तक का कर्ज़माफी कर दिखाएं।

# महादेव सट्टा एप के तीन आरोपियों की रिमांड 20 दिसंबर तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- **ईडी के अफसर आरोपियों से जेल में कर रहे पूछताछ**

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप में तीन आरोपी निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, आरक्षक भीम सिंह तथा असीम दास की 14 दिनों की न्यायिक रिमांड समाप्त होने पर ईडी की विशेष अदालत अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई तीनों आरोपियों की गैर मौजूगी में हुई। कोर्ट ने तीनों आरोपियों की न्यायिक रिमांड अवधि 20 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सट्टा एप मामले में तीनों आरोपियों की रिमांड अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया है। इसके साथ ही ईडी की छह सदस्यी टीम महादेव सट्टा एप में आरोपी बनाए गए चंद्रभूषण, भीम सिंह, असीम दास तथा सुनील, उसके भाई अनिल दम्मानी से जेल में पूछताछ कर रही है। ईडी के अफसर तीनों से पूर्व में लिए गए बयान के आधार पर महादेव सट्टा एप में संलिप्त अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने के साथ उनका दुबई में गिरफ्तार रवि उप्पल के साथ संपर्कों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप के आरोपियों से पूछताछ में ईडी को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। आने वाले दिनों में ईडी के अफसर महादेव सट्टा एप को लेकर बड़ी कार्रवाई कर सकते हैं।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद रायपुर प्रेस क्लब के चुनाव का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईकोर्ट के आदेश के बाद रायपुरप्रेस क्लब के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव की मांग को लेकर प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस गौतम भादुड़ी ने पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी को चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पंजीयक फर्म एंड सोसाइटी को निर्देश देते हुए कहा है कि मतदाता सूची का परीक्षण कराने के बाद रायपुर प्रेस क्लब का चुनाव कराएं। रायपुर प्रेस क्लब के संविधान के मुताबिक, चुनाव के बाद पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। अंतिम चुनाव जून 2018 में कराए गए थे। इसके बाद से अब तक चुनाव नहीं हुए हैं। प्रेस क्लब मतदाता सूची के परीक्षण की मांग को लेकर प्रेस क्लब सदस्य डी. बैरागी ने 2019 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद कोर्ट ने मतदाता सूची परीक्षण के निर्देश रायपुर प्रेस क्लब को दिए थे।

रायपुर प्रेस क्लब ने मतदाता सूची परीक्षण के लिए एक कमेटी बनाई थी, लेकिन परीक्षण का काम नहीं हो सका। इसके बाद 2020 में प्रेस क्लब सदस्यों की ओर से चुनाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई, जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जल्द से जल्द चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

# नेशनल लोक अदालत में 12663 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में जिला न्यायालय बलौदाबाजार, व्यवहार न्यायालय भाटापारा, कसडोल, सिमगा एवं राजस्व न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ राकेश कुमार घोरे जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारी, विभिन्न बैंक के प्रबंधक, पैरालीगल वॉलिंटियर, प्रकरणों के पक्षकार उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालीयन प्रकरणों के लिए कुल 12 खण्डपीठ और राजस्व न्यायालय के लिए 13 खंडपीठ का गठन किया गया। परिवार न्यायालय बलौदाबाजार के लिए 1 खण्डपीठ, जिला न्यायालय के लिए 6, तहसील न्यायालय भाटापारा के लिए 3 तथा तहसील न्यायालय कसडोल, सिमगा के लिए 1-1 खंडपीठ का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में कुल– 1311 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 6750 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए, समझौता राशि 61,10,14,810/–रूपये रहा। राजस्व न्यायालय के कुल – 4562 प्रकरण निराकृत हुए है।

## प्रकरणों की सुनवाई के लिए बनाये गए थे अलग-अलग खंडपीठ



### 2 वर्ष की बालिका अपने माता-पिता का प्यार एक साथ पायेगी

परिवार न्यायालय में पत्नी एवं 2 वर्ष की नाबालिग बालिका द्वारा अपने पति-पिता से भरण पोषण के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया था। पत्नी द्वारा अपने पति से तलाक लिये जाने का भी एक अन्य प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया था। वैवाहिक जीवन से उनकी एक 2 वर्ष की नाबालिक पुत्री थी नाबालिग पुत्री अपनी माता के साथ पिता से अलग रहती थी। विवाह वर्ष 2021 में हुआ था। नाबालिग पुत्री एवं दापत्य जीवन को देखते हुए खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी एवं अधिवक्ता सदस्य के समझाईस दिये जाने पर पति–पत्नी एक साथ रहना बिना किसी डर–दबाव के स्वीकार किये जाने पर उनका प्रकरण राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया। 2 वर्ष की नाबालिग बालिका को राजीनामा होने से माता–पिता का प्यार प्राप्त हुआ।

### परिवार न्यायालय में पति–पत्नी के बीच हुआ समझौता

परिवार न्यायालय बलौदाबाजार में पत्नी ने अपने पति के विरूद्ध भरण पोषण का प्रकरण प्रस्तुत किया। उनका विवाह हुए 30 वर्ष हो गये थे, उनके तीन संताने हैं जो पढ़ाई कर रहे थे। विगत 4–5 वर्षों से पति–पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद होने से अलग रह रहे थे। लोक अदालत में परिवार न्यायालय के खंडपीठ की पीठासीन अधिकारी सुमन एक्का एवं अधिवक्ता सदस्य द्वारा राजीनामा के संबंध में समझाइस दिये जाने पर पति–पत्नी एक साथ पुनः दापत्य जीवन निर्वाह करने में बिना किसी डर-दबाव के राजीखुशी सहमति दिये, जिस पर पत्नी द्वारा दर्ज कराया गया मामला राजीनामा के आधार पर समाप्त किया गया, जहां सुखमय दाम्पत्य जीवन बिताने पौधा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा हो





महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष चमन चंद्राकर, महामंत्री हेमेंद्र आचार्य ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि शिक्षा विभाग में वर्षों से लंबित संवर्गीय पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के मामलों का समाधान होगा। उनका कहना है कि अन्य विभागों के तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है। लेकिन, विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है। पदीय वरिष्ठ व्यक्ति, कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं, जो कि विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम- 2019 का उल्लघंन है। नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए। फेडरेशन का कहना है कि शासन के नीति एवं कार्ययोजना का लोकहित में बेहतर क्रियान्वयन के लिए शासन एवं राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों के मध्य सामंजस्य, सौहार्द्र एवं सद्भावना होना आवश्यक है। राज्य के समग्र विकास एवं कर्मचारियों की अपेक्षा के मुद्दों पर परिणाममूलक निर्णय होना चाहिए। फेडरेशन ने विभागीय सुशासन की अपेक्षा राज्य शासन से किया है।

### हर महीने के अंतिम गुरुवार को बंद रहेंगे आटो पार्ट्स व बाइक शो रूम




सरायपाली। अंचल के सभी आटो पार्ट्स दुकान और सभी मोटरसाइकिल शोरूम संचालकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को सभी आटो पार्ट्स दुकान एवं मोटरसाइकिल शोरूम को बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुखराज आटो, भवानी आटो, अग्रवाल आटो, शिवम आटो पार्ट्स, गणपति आटो पार्ट्स, शिवानी आटो पार्ट्स, श्याम आटो पार्ट्स, रमजान आटो, लक्ष्मी आटो, केशव आटो पार्ट्स, शारदा आटो, मां शारदा आटो, बजरंग आटो पार्ट्स कुटेला एवं ताज आटो पार्ट्स के संचालक उपस्थित रहे।

### श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में निकाली गई सतनाम संदेश शोभायात्रा

# सतनाम संदेश यात्रा में पंथी नृत्य व शौर्य प्रदर्शन की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला



गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में सतनाम संदेश शोभायात्रा एवं शौर्य प्रदर्शन सतनाम अखाड़ा सतनाम संदेश शोभायात्रा निकाली गई, जो श्वेतध्वज वाहक की अगुवाई में सतनाम भवन संडी से खरतोरा नाका तक एवं खरतोरा नाका से सतनाम भवन में सपमान हुई।

इस दौरान शोभा यात्रा में गुरु घासीदास की झांकी लोगों को मंत्र मुग्ध कर रही थी, जो कि पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। बच्चे, बड़े, महिलाएं व पुरुषों की टोली सफेद ध्वज लहराते हुए आकर्षक झांकियां, पंथी नर्तक दल, बैंडबाजे, जय–जय सतनाम के स्वर से शहर को गुंजयमान कर रहे थे। शोभायात्रा समापन बाद सतनाम भवन में भंडारा एवं प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा में लोगों ने बताया कि इस त्यौहार का उद्देश्य गुरु बाबा के विचारों को अपने जीवन में उतारना है। इस संबंध में सतनामी समाज के वरिष्ठ गणेशु सोनवानी ने बताया कि संत गुरु घासीदास का जीवन दर्शन और उद्देश्य युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। उनका व्यक्तित्व ऐसा प्रकाश सिस्टम है, जो आधुनिक युग में समाज को नई दिशा प्रदान कर रहा है। मोहन राय ने बताया कि उनके बताए गए संदेशों से सतनामी समाज लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। शोभायात्रा के दौरान गुरु घासीदास बाबा की आकर्षक झांकी भी निकाली गई थी। आकर्षक झांकी में समाज के युवाओं ने आतिशबाजी करते हुए पंथी एवं शौर्य प्रदर्शन करते हुए नगर के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कसडोल विधायक संदीप साहू, विशिष्ट अतिथि मोहित सिंघानिया एससी–एससी प्रदेश अध्यक्ष मोहन राय, सतनामी समाज सण्डी परिक्षेत्र के अध्यक्ष देव प्रसाद मार्कंडेय, प्रेम भास्कर, त्रिलोचन चतुर्वेदी, महंत बद्रीप्रसाद टंडन, शिवचरण सुरतांगे, फूलचंद घृतलहरे, डॉ. नकुल बंजारे, महेंद्र चेरियन, महेंद्र सुरतांगे, कृष्णा मांडले, अजय मार्कंडेय, हेमेश चेरियन, मनीष सोनकेवरे, मंजीत चतुर्वेदी, राजू मनहरे भोला चेलक आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 100 मामलों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अध्यक्ष केएम शर्मा तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव द्वारा 16 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत तथा व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी सदस्यों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता एवं विभिन्न नियमों एवं अधिनियमों के संबंध में विधिक जानकारी दी गई। व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 129 लंबित प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया था, जिसमें से कुल 100 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें से पांच वर्ष पुराने 1 प्रकरण का निराकरण किया गया।

आयोजित उक्त नेशनल लोक अदालत में एसबीआई सीएसए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग का भी स्ट्रॉल लगाया गया था। सुलहकर्ता के रूप में अधिवक्ता डीपी कुर्रे व हिमकर दुबे उपस्थित हुए तथा न्यायालय के समस्त कर्मचारी, पुलिस स्टाप एवं अधिवक्ता संघ भटगांव के अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से शपथ आयुक्त एन के पात्रे, जे लहरे, जे बंजारे, एमएल चन्द्रा, डीएन लहरे, केएल जांगड़े, आरके पाण्डे, यशपाल सिंह, विजय शंकर साहू, डगेश्वर खटकर, विजय देवांगन, हिमकर दुबे, प्रभु साहू, नरसिंह साहू, रोहित बघेल, भागीरथी यादव इत्यादि अधिवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### बिजली तार की चपेट में आने से हार्वेस्टर में लगी आग

बसना। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल से हार्वेस्टर में आग लगने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसम्बर को गांव की गली में जाते समय हार्वेस्टर बिजली तार की संपर्क में आ गया, जिससे हार्वेस्टर में आग लग गई। हादसे में चालक घायल हो गया। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डायल 112 में दी। जिसके बाद डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग पर काबू किया गया।

# छात्रों ने स्कूल में मनाया विजय दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में विजय दिवस चेयरमैन राघवेंद्र गोस्वामी के दिशा–निर्देशों पर मनाया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल वैशाली गुप्ता ने कहा कि आज हम उन शहीदों को नमन करते हैं, जिनके कारण हम अपनी आजादी का आनंद ले पा रहे हैं। चेयरमैन ने समारोह में उपस्थित स्टाफ व बच्चों को संबोधित करते हुए उन सभी अमर योद्धाओं को याद किया, जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और दुश्मन के हमले से देश की रक्षा की। बच्चों ने विजय दिवस के उपलक्ष में वीरों की तस्वीर बनाई। बच्चों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच युद्ध चला और 16 दिसंबर 1971 को हमारी सेना विजयी हुई। हम सभी को इन वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर अपने देश की खातिर अपना जीवन बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर बच्चों की ओर से 16 दिसंबर 1971 विजय दिवस के शहीदों को सलामी दी। इस मौके पर स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष बने भरत वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई तिल्दा जिला रायपुर के ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन खपरी बंजारी मंदिर परिसर में हुआ। इसमें ब्लाक अध्यक्ष के लिए भरत वर्मा सचिव ग्राम पंचायत भड़हा का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसे निर्वाचन अधिकारी खेदू राम धीवर, भगवंत वर्मा, बलदाऊ वर्मा, करारोपन अधिकारी जनपद पंचायत तिल्दा द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अमर धनकर उपस्थित हुए एवं साथ में ब्लाक कार्यकारणी का गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष भारत वर्मा, सरंक्षक ललित वर्मा, उपाध्यक्ष होरीलाल वर्मा, आशा यादव, संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू, सहसचिव मालती ध्रुव, कोषाध्यक्ष विष्णु देवांगन ब्लाक कार्यकारणी सदस्य का गठन किया गया।

इस अवसर पर चिंतामणि साहू, अवध वर्मा, सेवक साहू, शिवचरण वर्मा, सुंदर ध्रुव, खेसराम साहू, भिख्लेश्वर, पुष्पेंद्र, नारायण चेलक, भीखम कन्नोजे, बुधराम वर्मा, संत जांगड़े, कार्तिक वर्मा, मिलन, परस भारद्वाज, बलराम बंजारे, चंद्रशेखर, राजकुमार, रमेश गिलहरे, राकेश साहू, सीमा ढीढ़ी, अनिता टंडन, डीगेश्वरी, ज्योति सहित ब्लॉक के समस्त सचिव मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली



श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन गोकर्ण, धुंधुकारी की कथा सुनाई गई। कथा वाचक पंडित क्षमानिधि शास्त्री ने गोकर्ण कथा में बताया कि तुंगभद्र नदी के किनारे एक गांव में आत्मदेव नामक ब्राम्हण पत्नी धुन्धुली के साथ रहता था। आत्मदेव सज्जन व्यक्ति थे, परंतु धुन्धुली स्वभाव से झगड़ने वाली और दूसरों की दोष निकालती थी। आत्मदेव निःसंतान थे, इसलिये बहुत दुखी रहते थे। संतान प्राप्ति के लिये आत्मदेव ने बहुत प्रयास किये पर कोई सफलता नहीं मिली। अतः उसने आत्महत्या करने का निश्चय किया। आत्मदेव वन की ओर निकल गये, रास्ते में महात्माजी मिले उसने दुख का कारण पूछा, आत्मदेव ने अपनी वृतॉत बताई, तदुपरॉत महात्माजी ने कहा कोई संतान नहीं है–यह ईश्वर की कृपा है। निःसंतान व्यक्ति सभी कर्ज से मुक्त है। अतः ब्राम्हण पुत्र का लालसा का मोह त्याग दो, क्योंकि पुत्र की कामना से धन की सांसारिक इच्छायें जागेगी और तुम परमात्मा से दूर हो जाओगे। प्रतिकूलता में भी जो व्यक्ति परमात्मा की कृपा का अनुभव करता है वहीं सच्चा वैष्णव भक्त है, उसी की सदगति है।शास्त्र में वर्णित है कि पुत्र से मुक्ति नहीं है। यह शरीर ही पिंड है उसे परमात्मा को अर्पण करना ही पिंडदान है। धुंधुली ने जो फल खिलाया था उसके प्रभाव से गाय के गर्भ से बालक पैदा हुआ, जिसके कान गाय के कान के समान बड़े थे, इसलिये आत्मदेव ने उसका नाम गोकर्ण रखा।

■ कथाकार पं. क्षमानिधि ने पहले दिन गोकर्ण और धुंधुकारी की आत्मकथा सुनाई

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## पेज 11 के शेष

### पाबंदी के बाद...

नगरवासियों की मांग एवं प्रशासन की पहल पर नगर के भीतर यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व बाईपास मार्ग का निर्माण कराया गया था, लेकिन बाईपास मार्ग होने के बावजुद प्रशासन द्वारा रात्रि में 10 बजे से लेकर सुबह तक भारी वाहनों को नगर के भीतर से होकर गुजरने की खुली छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिससे रात्रि होते ही नगर के भीतर बड़ी संख्या में गुजरने वाले भारी वाहनों से नगर में प्रदूषण फैलने के साथ सड़क हादसे का अंदेशा बना रहता है। वहीं सुबह मार्निंग वॉक पर निकले नगरवासियों को प्रदूषण युक्त माहौल के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ता है।

### घर से 13 बकरी ...

खुलवाने पर यादव परिवार ने देखा कि कोठा से सभी बकरी कोई ले गया है। इसकी शिकायत लवन थाना में दर्ज करायी गई। इसी प्रकार दो दिन पहले ऐसी ही घटना ग्राम कोरदा में घटित हुई। इस प्रकार से अंचल में आए दिन चोरी का मामला देखते हुए बकरी पलकों में दहशत का माहौल बना है।

### विकास मेरी पहली...

आया और अब जीत होने के बाद आया हूं। इस जीत में प्रत्येक कार्यकर्ताओं की मेहनत लगन साथ रही। आगामी 5 वर्षों में क्षेत्र के विकास के लिए मैं हमेशा अग्रसर रहूंगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार होने पर किसानों एवं महिलाओं के लिए किए गए वादे को पूरा कराने के लिए अगर जरूरत पड़े तो सड़क की लड़ाई लड़ूंगा।

अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र में आज भी विकास की कमी है, जिसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करते रहूंगा। आभार सम्मेलन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, पूर्व सांसद पी आर खूंटे, सुरेंद्र शर्मा आदि ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में अच्छा विकास होगा। आभार सम्मेलन में रामेश्वर पांडे, देवीलाल बर्वे, गुरुदयाल यादव, अभिषेक पांडे, मृत्युंजय पांडे, मृत्युंजय वर्मा, नरेंद्र वर्मा, गंभीर सिंह ठाकुर, पद्मेश्वरी साहू, ललिता यदु, प्रभाकर मिश्रा आदि साथ पहुंचे थे। वहीं क्षेत्र के कार्यकर्ता मनोज पांडे, अमर मिश्रा, कांति मैनहरे, विनोद, आनंद बनवारी, गायत्री केवट, योगेश बंजारे, राजेश साहू, रामचंद पटेल, रोहित साहू, संदीप खूंटे, पंकज अनंत, शनि मनहरे, मनोज जायसवाल, राजा तिवारी, प्रताप डहरिया, रूपचंद मनहरे, संतोष साहू, रोहित साहू, जीवन साहू, धर्मेंद्र खूंटे सहित क्षेत्र के जोन सेक्टर प्रभारी सहित महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के अध्यक्ष गुरुदयाल यादव ने औ आभार वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर पांडे ने व्यक्त किया। लगभग चार घंटे तक चले आभार कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने विधायक से रूबरू होकर अनेक चर्चाएं की एवं क्षेत्र के विषय में विस्तार से समस्याएं रखी।

### स्वास्थ्य शिविर में ...

आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संयंत्र के एमजीके मूर्ति, चिरंजित राय, डिजेंद्र देवांगन, मनीष सिन्हा, प्रवीण यदु, जितेंद्र वर्मा, अंकित सिंह, सुचिता जैन का विशेष योगदान रहा।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### नाली में अज्ञात युवक की लाश मिली

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास नाली में शुक्रवार को एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। भाटिया पेट्रोल पंप के पास युवक की लाश मिली है। मृतक के पास एक की पैड मोबाइल मिला है। पानी में डूबे होने की वजह से मोबाइल खराब हो गया है। मृतक के मोबाइल में लगे सिम कार्ड की मदद से मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है।

### पेट, लिवर व पित्त रोग की जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 17 दिसंबर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। इसमें डॉ सन्नी उत्तमानी (एमडी मेडिसिन, डीएम हेपेटोलाजिस्ट, गेस्ट्रोलाजिस्ट, इंटर वेंटीओनल इंडोस्कोपिस्ट) उपलब्ध रहेंगे। पीलिया, पेट में पानी भरना, खाना निगलने में परेशानी होना, पेट में गांठ होना, हेपेटाइटिस, भूख ना लगना, वजन कम होना, छोटे बच्चे में वजन न बढ़ना एवं सहीं विकास न होना, उल्टी में खून आना, कब्ज, बार-बार उल्टियां होना समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी।

### भोथलडीही में सर्व गांडा समाज की बैठक आज

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सर्व गांड़ा समाज की मासिक बैठक सरायपाली के भोथलडीही के सामुदायिक भवन में प्रातः 10 बजे आहूत की गई है। बैठक में सामाजिक संगठन प्रगति विकास भावी योजना की समीक्षा करते हुए कार्य योजना तैयार की जाएगी। सभी परिक्षेत्र अध्यक्षों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। मार्गदर्शन स्वरूप जिला अध्यक्ष मुखर्जी एवं प्रांत अध्यक्ष केएल नंद को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विकासखंड समाज प्रमुख दयानंद तांडी ने दी है।

### सामान्य शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** साइटसेवर्स इंडिया द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सामान्य शिक्षकों का समावेशी शिक्षण विधियों व आईसीटी पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। जिसमें बागबहरा और महासमुंद ब्लाक से 30 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुवात सभी प्रतिभागियों का स्वागत से किया गया। इस प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर संदीप उपाध्याय अष्टावक्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ रिहेबिलीटेशन साइंसेस एंड रिसर्च दिल्ली से थे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित बच्चों को कैसे सामान्य कक्षा में पढ़ाए व उनके आवश्यकता को कैसे जाने, पहले दिन सभी प्रतिभागियों का प्री टेस्ट लिया गया। उसके बाद दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टिबाधित बच्चों की पहचान कैसे करें। इस प्रशिक्षण साईटसेवर्स से जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार निषाद और जिला समावेशी शिक्षा सुविधाकर्ता नीरज सिंह उपस्थित रहे।

### सड़क पर घायल दंपत्ति को देख विधायक ने रोका काफिला

**बसना।** बसना के नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरा के दौरान मानवता का परिचय दिया और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अपनी गाड़ी रुकवा कर तुरंत ही अस्पताल भिजवाया। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ. अग्रवाल ने अपनी विधानसभा में जीत के पश्चात जनता की आभार रैली का आयोजन किया था। इस दौरान पिथौरा-बसना हाईवे से गुजरते हुए विधायक अग्रवाल ने देखा कि एक्टिवा सवार एक दंपत्ति अपने दोनों बच्चों के साथ घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हुए हैं। उन्होंने तत्काल अपनी फॉलो कार में घायलों को अस्पताल भिजवाया।



**समाज : स्वागत के साथ लवन राज के सामाजिक सदस्यों ने की भेंट मुलाकात**

# कसडोल पहुंची यादव समाज की सामाजिक समरसता यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

छत्तीसगढ़ यादव समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा निकाली गई सामाजिक समस्या यात्रा शनिवार को कसडोल पहुंची। यहां लवन राज के सामाजिक पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों द्वारा यात्रा में शामिल सभी सामाजिक जनों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी सामाजिक पदाधिकारी बैठकर एक साथ समाज विकास की परिकल्पना करते हुए विचार एवं वैचारिक गोष्ठी में शामिल हुए। इसके बाद कसडोल में ही दोपहर का भोजन किया। भोजन के बाद द्वितीय सत्र का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें मंच पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यादव समाज किसी से कम नहीं है। सब समस्या का हल राजनीति से ही संभव है। यादव समाज को राजनीति में भी भलीभांति शामिल होना चाहिए। युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी हरीश यादव ने कहा कि हमें सभी के मन में समरसता का भाव लाना है। उन्होंने कहा कि समाज के जो युवा है वो काफी सक्षम है। युवाओं को समाज में भूमिका देने की जरूरत है। इसके अलावा लवन राज कसडोल से अशोक यादव, जनक राम यादव, टिकेश्वर यादव, भावेश यादव, दिले राम यादव, चंद्रप्रकाश, जीत राम यादव, ओम प्रकाश यादव सहित समरसता यात्रा में शामिल सभी स्वजातीय गण मौजूद थे।





### समाज की भूमिका राजनीति में भी मजबूती से हो

उन्होंने कहा अन्य समाज संगठन के माध्यम से राजनीतिक रूप से एकजुट हो रहे हैं। हमें भी एकजुट होकर राजनीति में भी आगे आना है। पिछले चुनाव में पांच यादव को विभिन्न राजनीति दल ने टिकट दिया था, जिसमें से चार यादव चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। यादव ठेठवार समाज के प्रांतीय सलाहकार जोहत राम यादव ने कहा कि युवाओं के बताए मार्ग पर आज हम सब चल रहे हैं। उन्होंने कहा आज युवा प्रकोष्ठ पूरे प्रदेश में अपने इकाई की गठन कर रहा हैं। प्रांतीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ परमानंद यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# पूजा थाल सज्जा में मनीषा प्रथम, कंचन को दूसरा स्थान मिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में 13 और 14 दिसम्बर तक वार्षिक साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली, अल्पना, पूजा-थाली सज्जा, सलाद सज्जा, व्यंजन प्रतियोगिता, केश सज्जा, मेंहदी, कोलाज, पेपर आर्ट, चित्रकला, पोस्टर, वाद-विवाद, प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में इंदिरा देवी गौराहा उ.मा. विद्यालय कसडोल के प्राचार्य वर्षा शर्मा, शिक्षिका दुर्गा पटेल, कंचन बंजारे, राधा, संतोषी साहू एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक रहे। प्राचार्य डॉ. खुर्शीद खान एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रभारी संजूलता पटेल (सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन हुआ। इस दौरान कॉलेज के छात्र सभी प्रतियोगिता में भाग लिए। उल्लेखनीय है कि पूजा थाल सज्जा में मनीषा प्रथम तो वही कंचन द्वितीय स्थान में रही।

इधर पुष्प सज्जा लीना नेताम प्रथम व मनीषा पटेल द्वितीय पायदान में रही। इसके अलावा व्यंजन में कविता साहू प्रथम व धनेश्वरी द्वितीय में रही। केश सज्जा प्रतियोगिता में आशा कैवर्त्य प्रथम तो कुसुम कैवर्त्य द्वितीय रही।

### रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी प्रथम

वहीं रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी प्रथम तो लक्ष्मी धीवर द्वितीय रही। सलाद सज्जा में धनेश्वरी पटेल प्रथम तो प्रतिभा द्वितीय में रही। साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता में आकांक्षा डडसेना प्रथम तो सौम्या साहू द्वितीय रही। निबंध प्रतियोगिता में कुसुम कैवर्त्य प्रथम तो पुष्पलता द्वितीय रही। वहीं तत्कालिक भाषण नगमा टण्डन प्रथम, प्रश्न मंच में लक्ष्मी नारायण जयसवाल प्रथम, तो रूखमणी द्वितीय रही। चित्रकला में सीमा पैकरा प्रथम तो धनेश्वरी द्वितीय रही। साथ ही पेपर आर्ट में धनेश्वरी पटेल प्रथम तो हेमा कैवर्त्य द्वितीय रही। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में विजय कुमार प्रथम तो आकांक्षा द्वितीय रही। इसके अलावा अंतिम वाद विवाद प्रतियोगिता में विजय कुमार प्रथम तो समीर महिपाल द्वितीय स्थान में जगह बनाया।

# भित्तिकला का प्रदर्शन ग्रामीणों के लिए बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सेम्हराडीह में शनिवार को भित्तिचित्र का प्रदर्शन गीतिका जैन द्वारा किया गया। भित्तिकला का मुख्य उद्देश्य हैं स्थानीय नायकों का समाज में योगदान की सराहना करना था। गीतिका जैन का कहना है कि इन स्थानीय नायकों के चित्रों से प्रेरित होकर बच्चों में कुछ करने का जज्बा उत्पन्न होगा व सबको प्रेरित करेंगे।

वसंतवैली स्कूल में पढ़ने वाली 11वीं की छात्रा गीतिका जैन का कम उम्र में इस प्रकार की सोच रखना प्रशंसनीय है। इस अवसर पर अंचल के ख्यातिलब्ध चिकित्सक रहे स्व. डॉ. एसएल तिवारी, स्व. चन्द्रशेखर शंकर धर्माधिकारी, रेणुका यादव व छत्तीसगढ़ के मिल्खा कहे जाने वाले सरजू प्रसाद के चित्र उकेरते हुए बच्चों के साथ अपने कौशल एवं अनुभव भी साझा किया। आयोजन के दौरान राजेश सरकार, पारसवसंत गुप्ता, शंकरप्रसाद दास, तमेश्वरी साहू एवं लिमेश बघेल उपथित थे।

# बसपा ने क्षेत्र की जनता के समर्थन को स्वीकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

- पार्टी की समीक्षा बैठक में श्याम टंडन ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया

विधानसभा बिलाईगढ़ के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी श्याम टण्डन ने समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें विधानसभा स्तर के समस्त जोन प्रभारी एवं सभी सेक्टर के अध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। बारी–बारी से अपने–अपने सेक्टर की जानकारी सभी सेक्टर अध्यक्ष ने दी। श्याम टण्डन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में सभी समाज एवं सभी धर्म के कार्यकर्ता ने तन, मन, धन से ईमानदारी पूर्वक बढ़–चढ़ कर काम किया है। मुझे किसी पर कोई संदेह नहीं है। चुनाव व परिणाम के पूर्व क्षेत्र एवं प्रदेश विधानसभा बिलाईगढ़ में बसपा के विजय (जीत) की चर्चा हो रहा थी, लेकिन जब परिणाम आया तो पता चला कि हम तीसरे नंबर पर आ गये। कोई बात नहीं हार–जीत लगी रहती है।



जिसे जनता ने समर्थन दिया, उनको मैं भी स्वीकार करता हूं। कार्यकर्ता को हिम्मत दिलाते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसे महापुरुष चुनाव हार गए, तो हम एक मामूली से कार्यकर्ता हैं। किसी को उदास नहीं होना चाहिए।

जीवन एक संघर्ष है। पार्टी के विचार सिद्धांत महान पुरुष के बताए मार्ग पर चलती है। उसी को गांव–गांव, घर–घर में जाकर लोगों को समझाए। हम लोग ईव्हीएम मशीन का शिकार हो गए और कब तक ऐसे ही होता रहेगा। एक दिन पकड़ में आयेगा।

हमें हार की चिंता नहीं करना है हमेशा खुश रहिए और विश्वास पूर्वक पार्टी का काम करना है, आगे चलकर जीत हासिल करेंगे। सभी अतिथियों ने अपने–अपने विचार रखे एवं सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में दयाराम खुराना, डॉ. टेकलाल साहू, मदनलाल पटेल, नारायण प्रसाद साहू, भूपराम लहरे, जगदीश पटेल, छतराम नवरत्न, राजू शर्मा, कुमारी जगबाई, इंदिरा, डगेश खटकर, सम्मेलाल नवरत्न, गनेश राम साहू एवं क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रबंध काव्य छत्तीसगढ़ का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



छंद के दिवाली मिलन एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम ग्राम सिलघट (भिंभौरी) में हुआ। कार्यक्रम में कवि मनीराम मितान की कृति छंद बद्ध प्रबंध काव्य छत्तीसगढ़ के मंगल पाण्डे, वीर हनुमान सिंह का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू कार्यक्रम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रबंध काव्य 1857 क्रांतिकारियों को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। इसमें बलिदानी वीर हनुमान सिंह की पावन गाथा है। कार्यक्रम को विशेष अतिथि पंकज मेश्राम कार्यकारी अधिशासी, वीरभान साहू कार्यक्रम संपादक आकाशवाणी रायपुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मीनल मिश्रा, नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन नाचा संस्था की वाइस प्रेसिडेंट ने अमेरिका से अपनी उपस्थिति दीं। कार्यक्रम में लगभग 22 जिलों के साहित्यकारों ने छंदमय काव्य पाठ किया। अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद टिकरिहा और संचालन अजय अमृतांशु, जितेन्द्र वर्मा, ईश्वर आरुग और कमलेश वर्मा ने किया।

# शराबियों से ग्रामीण परेशान, कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**सुहेला।** अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम के लिए ग्राम बासीन के मां खल्लारीजन कल्याण संस्था द्वारा शराबियों से गांव का माहौल खराब होने से बचाने शुक्रवार को पुलिस थाना सुहेला में ज्ञापन सौंपा गया। समिति के सदस्य हुलास साहू ने पुलिस को बताया कि गांव में अत्यधिक रूप से शराब बिक्री होती है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। पढ़ने वाले बच्चे नशे के चपेट में आ रहे हैं और कम उम्र में नशे का शिकार हो रहे हैं। रोड में बैठ कर शराब पीते है, जिससे रोड में चलने वाले वाहन चालकों और राहगीरों महिलाओं को परेशानी होती है। नवनिर्वाचित बलौदाबाजार विधायक टंकराम वर्मा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर तत्काल कार्यवाही कर रहे हैं तो हमें भी आशा है कि भाजपा की सरकार




हमारे गांव में भी अवैध शराब बिक्री पर तत्काल कार्रवाई करेगी। ग्राम सरपंच ने फोन पर बताया कि शराबियों के माहौल से गांव में महिला वर्ग परेशान है। अवैध शराब बिक्री बंद होना चाहिए तथा दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**सात दिवसीय विशेष शिविर का किया गया आयोजन**

# चितावरधाम परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी-रावन

मुसुवाडीह के आश्रित ग्राम भालूकोना स्थित प्राचीन मंदिर चितावर धाम परिसर में पलारी महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष दीनबंधु यादव, पुजारी रामप्रसाद वर्मा, सनत सेठ ने इस ऐतिहासिक मंदिर की पौराणिक के इतिहास के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने भालूकोना की गलियों में जन जागरूक रैली निकालकर कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।



विदित है कि पलारी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर 11 दिसंबर से आयोजित है, जिसमें प्रतिदिन प्रभात फेरी, योगा, पीटी परेड परियोजना कार्य, सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक प्रतिदिन आयोजित है। उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र कुमार खरे, प्राध्यापक तुलसी पैकरा, रामकुमार साहू, दीप्ति वर्मा, प्रियंका वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा, रूपलाल देवांगन, वरिष्ठ स्वयं सेवक पिंटू वर्मा, ऋषि साहू, महेश्वरी बंजारे, तनुश्री चंद्राकर बाला, राम यदु, रविशंकर मरकाम, शिविर नायक टिकेश्वर साहू, शिविर नायिका आरती वर्मा, दीपक वर्मा, गैंदराम धीवर, उर्वशी वर्मा, कौशल्या, देविका वर्मा, अजय बंजारे, योगेश कनौजे, किशन साहू, नवीन घृतलहरे, शैलेंद्र साहू, सुरेंद्र चेलाक, साहिल बंजारे, ओमप्रकाश नारंग, मनीष घृतलहरे, युवराज यादव, आलोक वर्मा, पुनेश्वर फेकर, दानेश भतपहरी, पूजा कन्नौजे, डीगेस निषाद, माधुरी वर्मा, ममता कन्नौजे, सीमा वर्मा सहित ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

